भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम)

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2595
जिसका उत्तर मंगलवार 16 जुलाई, 2019
25 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाना है

विनिवेश के उद्देश्य

2595. श्री संजय सिंह : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विनिवेश के मुख्य उद्देश्य तथा उनकी वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) वर्ष 2019-20 के लिए विनिवेश की योजना क्या है;
(ग) सरकार द्वारा आज तक विनिवेश के माध्यम से कितनी धनराशि एकत्रित की गई है; और
(घ) उक्त धनराशि को कहां-कहां व्यय किया गया, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) : विनिवेश के लिए मुख्य उद्देश्य/कारण निम्नानुसार हैं :

i. केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों को स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध करना ताकि सार्वजनिक भागीदारी के माध्यम से जन-स्वामित्व को बढ़ावा मिले और अपने शेयरधारकों के प्रति सीपीएसई की जवाबदेही के माध्यम से उनकी दक्षता में सुधार हो।
ii. सामरिक विनिवेश के माध्यम से सीपीएसईस में संचालनात्मक दक्षता लाना ताकि अर्थव्यवस्था में उनका अधिक योगदान सुनिश्चित हो सके।
iii. राष्ट्रीय हित में सीपीएसईस के वित्तीय प्रबंधन हेतु एक पेशेवर दृष्टिकोण अपनाना और सीपीएसईस के स्वामित्व में सार्वजनिक भागीदारी में विस्तार पर लक्षित विनिवेश।

(ख) तथा (ग) : वर्ष 2019-20 के लिए विनिवेश के लिए बजट अनुमान 1,05,000 करोड़ रुपये तक किया गया है।

वर्ष 2014-15 से आज तक, विनिवेश अर्थागम के रूप में 2,81,977.44 करोड़ रुपये की धनराशि जुटाई गई है।

(घ) : मौजूदा समय में, सीपीएसईस के विनिवेश से प्राप्त धनराशि राष्ट्रीय निवेश कोष (एनआईएफ), जो एक `लोक लेखा` है, में जमा कराई जाती है और इसका उपयोग अवसंरचना परियोजनाओं के वित्त पोषण में निवेश आदि जैसे विशेष उद्देश्यों हेतु किया जाता है।

*****